परिभ्रमण-2 (खरीफ)
परिभ्रमण-3 (रबी)

5 हमारी फसलें और समूहीकरण

तुम्हारे गाँव में कई प्रकार की फसलें पैदा की जाती होंगी। इन परिभ्रमणों में हमारा उद्देश्य होगा कि हम अपनी फसलों के बारे में अधिकतम जानकारी इकट्ठी करें और उसका विवेचन करें। विशेषकर हम अपना ध्यान फसलों के प्रकार, उनके उपयोग, खाद, बोनी और दावन के समय व तरीके, बीज की बनावट इत्यादि पर लगायेंगे। विभिन्न गुणधर्मों के आधार पर फसलों का समूहीकरण भी करेंगे।

खण्ड एक

यह खण्ड केवल परिभ्रमण और सर्वेक्षण करने का है। इसमें तुम खरीफ और रबी की फसलों के बारे में जानकारी इकट्ठी करोगे। इस जानकारी को खण्ड दो के लिये सम्भाल कर रख लेना।

संग्रह

हरेक फसल की पत्तियाँ, फूल और बीज या फल कागज में दबाकर सुखाओ। यदि पौधा छोटा हो तो उसे पूरा ही रख लो। यदि फल मोटा हो तो उसकी पतली कटान काट कर दबा सकते हो। हर नमूने के साथ उसका नाम व उसके बारे में मोटी-मोटी जानकारी भी लिखो। इस संग्रह को सम्भाल कर रख लो—यह बाद में प्रदर्शनी लगाने के काम आयेगा।

समय

परिभ्रमण-2 खरीफ के मौसम में करना है। इसके लिये अगस्त या सितम्बर का माह ठीक रहेगा। परिभ्रमण-3 रबी के मौसम में होगा जिसके लिये जनवरी का ही महीना उत्तम रहेगा। इन परिभ्रमणों के लिये ऐसा समय चुनो जब अधिकतर फसलों में फूल लगे हों।

तैयारी

इस परिभ्रमण की तैयारी उसी तरह से करनी है जैसे परिभ्रमण-1 में की थी। पौधों के विभिन्न अंग इकट्ठे करने के लिये प्रत्येक टोली एक झोला, गीला कपड़ा, रद्दी कागज, लिफाफे आदि बटोर ले। साथ में अपनी कापी और लेन्स भी रख लो।

कोशिश करो कि परिभ्रमण में तुम्हारे साथ ग्रामसेवक या कृषि विस्तार अधिकारी भी चलें।

सर्वेक्षण

तुम अपनी-अपनी टोलियों में आस-पास के दो या तीन गाँवों का सर्वेक्षण करने निकलो। इस सर्वेक्षण में प्रत्येक फसल के बारे में जानकारी इकट्ठी करो। कम-से-कम निम्न मुद्दों पर विशेष ध्यान देना है :

फसलों के नाम
सिंचित और असिंचित फसलें
अनाज वाली फसलें
दाल वाली फसलें (दलहन फसलें)
तेल के बीज वाली फसलें (तिलहन फसलें)
हरे चारे वाली फसलें
हरी खाद वाली फसलें
सब्जियाँ
फल
रकबे के आधार पर सबसे अधिक लगने वाली तीन फसलें
फूलों की बनावट
सुधरी हुई (उन्नत) नस्लों के नाम और विशेष लाभ

बोनी के तरीके

रासायनिक खाद का उपयोग

कटाई, दावन और उड़ावनी के तरीके

फसल पकने की अवधि

उत्पादन

लाभ और हानि

कोई भी अन्य जानकारी

इस जानकारी को इकट्ठा करने के लिये तुम अपने गुरुजी, किसानों, कृषि विस्तार अधिकारी और ग्रामसेवकों से मनचाहे सवाल पूछो और चर्चा करो।

सारी जानकारी फसलवार अपनी कापी में लिखो। (1)

जनवरी-फरवरी में करो

खण्ड दो (परिभ्रमण-2 व परिभ्रमण-3 के बाद)

अब हम खण्ड एक में इकट्ठी की गई जानकारी के आधार पर फसलों का समूहीकरण करेंगे और कुछ अन्य प्रश्नों के उत्तर देंगे।

समूह बनाओ

विभिन्न गुणधर्मों के आधार पर फसलों के अधिक-से-अधिक समूह बनाओ। (2)

'बीज और उनके समूहीकरण' वाले अध्याय में तुमने जो सीखा था उसके आधार पर निम्न वाक्यों के आगे दिये हुए चौकोर में सही (✓) या गलत (×) का निशान लगाओ :

(क) अनाज वाली फसलें एकबीजपत्री होती हैं। ☐

(ख) दलहन फसलें एकबीजपत्री भी हो सकती हैं और दोबीजपत्री भी। ☐

(ग) तिलहन फसलें एकबीजपत्री भी हो सकती हैं और दोबीजपत्री भी। ☐

(घ) हरे चारे के बीज में सदा दोबीजपत्र होते हैं। ☐

(च) सुधरी हुई नस्लों को आम तौर पर देसी नस्लों की तुलना में अधिक बार सिंचाई चाहिये। ☐ (3)

विशेष अभ्यास

नीचे वाली तालिका में कटाई के बाद उपज को प्राप्त करने के तरीकों के आधार पर चार समूह बनाये गये हैं। हरेक समूह में एक-एक उदाहरण दिया गया है।

ऐसे अधिक-से-अधिक उदाहरण ढूंढकर तालिका में भरो। (4)

सीधे दावन द्वारा	झड़ाकर	हाथ से तोड़ कर	पीटने के बाद दावन द्वारा
गेहूँ	तिली	मूंगफली	तुअर

खरीफ और रबी

दोनों परिभ्रमणों (क्र० 2 व 3) के बाद निम्न फसलों को खरीफ और रबी के समूहों में बाँटो :

(क) दालें

(ख) अनाज

(ग) तेल वाले बीज

(घ) हरा चारा

(च) हरी खाद

(छ) सब्जियाँ (5)

जिन खोजा तिन पाइयाँ

खरीफ में बोकर रबी में कटने वाली फसलों की सूची बनाओ। (6)

गेहूँ की निम्न नस्लों को पकने में कितना समय लगता है :

(क) देसी गेहूँ

(ख) कल्याण सोना

(ग) सोनालिका ? (7)

पकने की अवधि में अंतर का खेती में क्या महत्व है ? (8)

हरी खाद का क्या लाभ होता है ? (9)

हरी खाद और रासायनिक खाद में क्या अन्तर है ? (10)

एक ऐसी फसल का नाम बताओ जिसे तैयार होने में एक साल लग जाता है। (11)

प्रदर्शनी

प्रदर्शनी के लिये नीचे दिये समूहों में से किन्हीं पाँच को चुनो :

एकबीजपत्री और दोबीजपत्री

दालें

अनाज

तेल वाले बीज

उन्नत नस्लें

सब्जियाँ

फल

अपने संग्रह की चीजों को समूहवार पुष्टे पर चिपकाकर या सिलकर सजाओ। हरेक चीज के साथ उसके बारे में इकट्ठी की गई जानकारी पर्चियों पर लिखकर चिपकाओ।

नये शब्द :

विवेचन	तिलहन फसलें
सर्वेक्षण	हरी खाद
संग्रह	रासायनिक खाद
दलहन फसलें	उन्नत नस्ल